**भारत सरकार**
**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**
**(नीति नियोजन कक्ष)**

**नई दिल्ली, 27 दिसंबर, 2023**

**विषय: नवंबर 2023 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर कैबिनेट के लिए सारांश (संख्या -11)।**

नवंबर, 2023 महीने के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/ आयोजन नीचे दिए गए हैं: -

1. राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा, गोवा सरकार के सहयोग से 20 से 28 नवंबर, 2023 तक पणजी, गोवा में **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के 54वें संस्करण का आयोजन किया।**

1.1 **उद्घाटन समारोह** में माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर, गोवा के माननीय मुख्यमंत्री, डॉ. प्रमोद सावंत, माननीय पर्यटन राज्य मंत्री, श्री श्रीपाद येसो नाइक और माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन के साथ-साथ भारत सरकार और गोवा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसमें माधुरी दीक्षित, शाहिद कपूर, श्रिया सरन और नुसरत भरुचा जैसे फिल्मी सितारों ने प्रस्तुति दी। समारोह के दौरान सनी देओल, श्रेया घोषाल, पंकज त्रिपाठी, करण जौहर, विजय सेतुपति, जिशु सेनगुप्ता, सुखविंदर सिंह, सारा अली खान, ताबाचाके और शांतनु मोइत्रा का अभिनंदन किया गया। **समापन समारोह** में गोवा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत उपस्थित थे और माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा एक वीडियो संदेश दिया गया तथा आयुष्मान खुराना, अमित त्रिवेदी, हार्मनी ऑफ पाइंस (एचपी पुलिस) ने प्रस्तुतियां दी। माइकल डगलस, कैथरीन ज़ेटा जोन्स, ऋषभ शेट्टी, दिव्या दत्ता, ईशा गुप्ता, नीलेश मिश्रा सहित अन्यों को सम्मानित किया गया।

1.2 **स्क्रीनिंग और पुरस्कार:** कुल **278 फिल्में** प्रदर्शित की गईं, **23 मास्टर क्लास और बातचीत सत्र** आयोजित किए गए और **10,000 से अधिक प्रतिनिधियों** ने गोवा में 54वें आईएफएफआई में भाग लिया। दिग्गज अभिनेत्री **माधुरी दीक्षित को 'भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए विशेष मान्यता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता **माइकल डगलस को प्रतिष्ठित सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार** दिया गया। *पंचायत सीज़न 2 को* हाल ही में शुरू किया गया सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज़ (ओटीटी) का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह में गोल्डन पीकॉक, सिल्वर पीकॉक, स्पेशल जूरी अवार्ड, आईसीएफटी-यूनेस्को गांधी मेडल अवार्ड सहित अन्य पुरस्कार शामिल थे।

1.3 **54वें आईएफएफआई में नई शुरुआत:** माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री ने **भारत में विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन में वृद्धि की घोषणा की जिसमें** किए गए खर्च के प्रतिशत को 30% से बढ़ाकर 40% करना, सीमा 2.5 करोड़ रु. से बढ़ाकर 30 करोड़ रु. और महत्वपूर्ण भारतीय सामग्री (एसआईसी) के लिए अतिरिक्त 5% बोनस शामिल है। **'75 क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो' कार्यक्रम के तीसरे संस्करण** के तहत पहली बार एक **भर्ती अभियान आयोजित किया गया। सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी)** श्रेणी में हर साल एक पुरस्कार देने की शुरुआत की गई है। एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, वर्चुअल रियलिटी और सीजीआई के क्षेत्र में फिल्म निर्माण प्रौद्योगिकी में नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए **'वीएफएक्स और टेक पवेलियन' की** शुरुआत कर फिल्म बाजार का दायरा बढ़ाया गया है। क्षेत्रीय फिल्मों, भोजन, संगीत, संस्कृति आदि के माध्यम से भारत की समृद्ध विविधता का एक असाधारण उत्सव प्रदर्शित करने के लिए पहली बार एक **'सिने- मेला' आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन (एनएफएचएम) के तहत सावधानीपूर्वक बहाल की गई उत्कृष्ट कृतियों के** 7 विश्व प्रीमियर की विशेषता वाला **रिस्टोर्ड क्लासिक्स सेक्शन** भी पेश किया गया है। **सभी के लिए समावेशिता और मनोरंजन** एक मार्गदर्शक सिद्धांत बने रहे, क्योंकि 54वें आईएफएफआई के सभी आयोजन स्थल विशेष रूप से दिव्यांगों के लिए सुविधाओं से सुसज्जित थे।

1.3 गोवा के माननीय मुख्यमंत्री, डॉ. प्रमोद सावंत ने 21.11.2023 को 54वें आईएफएफआई में भारतीय सिनेमा के सार को दर्शाने के लिए कला अकादमी, पणजी, गोवा में केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा आयोजित एक **इमर्सिव डिजिटल प्रदर्शनी** का उद्घाटन किया। माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदर्शनी का दौरा किया और इसकी सराहना की। प्रदर्शनी ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और इसमें माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ सेल्फी के लिए एक एआर बूथ, एक 360 डिग्री रोबोटिक आर्म, एक थ्री साईड एलईडी वॉल आदि शामिल थे।

1.4 **कार्यक्रम और बातचीत:** 54वें आईएफएफआई में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सलमान खान, अतुल अग्निहोत्री, विजय सेतुपति, एआर रहमान आदि सहित **गाला प्रीमियर** थे और करण जौहर, सारा अली खान, जोया अख्तर, राजीव मसंद, सनी देओल, राजकुमार संतोषी, राहुल रवैल, मधुर भंडारकर, के के मेनन, पंकज त्रिपाठी, गुनीत मोंगा, मनोज बाजपेयी, रानी मुखर्जी, क्रिकेट दिग्गज मुथैया मुरलीधरन, गुलशन ग्रोवर, विद्याबालन, माइकल डगलस, डेविड धवन आदि के साथ **मास्टर क्लास और बातचीत सत्र** शामिल थे। शेखर कपूर अंतर्राष्ट्रीय जूरी के अध्यक्ष थे और अन्य भारतीय फिल्म अतिथियों जैसे महेश मांजरेकर, कौशिक गांगुली, नीना गुप्ता, संजय मिश्रा, राधिका मदान, शूजीत सरकार, नाना पाटेकर आदि भी 54वें आईएफएफआई में शामिल हुए।

1.5 न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया एकाउंट्स पर ग्राफिक्स, इमेज, वीडियो, बैनर, वीडियो बाइट्स और लाइव स्ट्रीमिंग के साथ **सोशल मीडिया पहुंच बनाई**, जिसे हैशटैग **#IFFI**, **#IFFI54**, **#IFFI2023**, **#IFFIGOA** आदि का

उपयोग करके साझा किया गया। आईएफएफआई गोवा फेसबुक अकाउंट पर 35,000 से अधिक प्रोफ़ाइल विज़िटर आए, 2.5 मिलियन से अधिक पहुंच और 13,000 से अधिक सामग्री इंटरैक्शन प्राप्त हुए; आईएफएफआई गोवा एक्स (ट्विटर) खाते पर 10,000 से अधिक प्रोफ़ाइल विज़िटर आए और 1 मिलियन से अधिक इंप्रेशन प्राप्त हुए; और आईएफएफआई गोवा इंस्टाग्राम अकाउंट पर 100,000 से अधिक प्रोफ़ाइल विज़िटर आए, 1.9 मिलियन इंप्रेशन और 300,000 से अधिक एंगेजमेंट प्राप्त हुए। पीआईबी ने 54वें आईएफएफआई पर **105 वीडियो** और **32 लाइवस्ट्रीम के साथ** एक विशेष यूट्यूब प्लेलिस्ट तैयार की और लगभग **639 प्रेस विज्ञप्तियां** सभी भाषाओं में प्रकाशित की गई।

2. **विकसित भारत संकल्प यात्रा**: **जनजातीय गौरव दिवस** के अवसर पर, ट्राइबल आईकन बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 15.11.2023 को खूंटी, झारखंड से **विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई।** सरकार के प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों के संदेश का प्रसार करने वाली पांच विशेष रूप से डिजाइन की गई आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन खूंटी जिले और आसपास के क्षेत्रों में स्थित महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों में भेजी गईं। इसी तरह की आईईसी वैन को देश भर के महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले **68 जिलों से,** राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों जैसे महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा का फोकस लोगों तक पहुंच कर जागरूकता पैदा करना और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। विभिन्न जनभागीदारी कार्यक्रम जमीनी गतिविधियों का हिस्सा थे।

2.1 सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस विशेष अभियान के लिए **आईईसी वैन उपलब्ध कराने की पहल** की है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं में, इसकी ब्रांडिंग, ऑडियो विजुअल क्लिप, प्रिंट मीडिया (पॉकेट बुकलेट, राज्य विशिष्ट ब्रोशर, कैलेंडर 2024) स्टैंडीज़, सेल्फी बूथों और गतिविधियों के संचालन के लिए एमसी के साथ-साथ आईईसी वैन को जियो टैग करने में सक्षम बनाना, क्विज़ प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पुरस्कार (टी शर्ट/कैप्स) शामिल हैं।

2.2 विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में एक प्रमुख मंत्रालय के रूप में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अभियान के तहत **विभिन्न गतिविधियों की योजना, डिजाइन और कार्यान्वयन किया है।** मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालयों सहित अपनी मीडिया यूनिटों के साथ कार्यान्वयन एजेंसियों को हायर करने, क्रिएटिव और एवी सामग्री को डिजाइन करने और निर्दिष्ट मार्गों के माध्यम से एवी वैन की सुचारू आवाजाही सहित विभिन्न कार्य कर रहा है।

2.3 डीडी न्यूज ने अपनी 30 क्षेत्रीय समाचार इकाइयों के साथ विशेष कहानियों, प्रतिभागियों के बाइट्स, विशेष पैकेज, ग्राउंड रिपोर्ट, चर्चा कार्यक्रम और एक **विशेष दैनिक कार्यक्रम के माध्यम से यात्रा को व्यापक रूप से कवर किया।** समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी (एनएसडी :एआईआर) ने 14.11.2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा पर सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ एक **विशेष साक्षात्कार प्रसारित किया।** एनएमडब्ल्यू ने वीडियो बाइट्स, ग्राफिक्स, वीडियो और लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से हैशटैग **#जनजातीय गौरव**

**दिवस**, **#बिरसा मुंडा जयंती**, **#विकसित भारत संकल्प यात्रा** आदि का उपयोग कर सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार किया।

2.4 ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के नवंबर 2023 पाक्षिक संस्करण **'जनजातीय गौरव दिवस'** के अवसर पर कवर स्टोरी ***"वोकल फॉर लोकल"*** *के साथ* और '*नए भारत में संविधान बना विकास की गारंटी*' को सीबीसी द्वारा 13 भाषाओं में प्रकाशित कर देश भर में वितरित किया गया। पत्र सूचना कार्यालय ने माननीय जनजातीय कार्य मंत्री, श्री अर्जुन मुंडा द्वारा लिखित **"जनजातीय परंपरा और गौरव का सम्मान: जनजातीय गौरव दिवस"** नामक शीर्षक के एक लेख को प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से भारत भर में कमीशन और प्रकाशित किया।

2.5 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा आकाशवाणी और दूरदर्शन की स्थानीय राज्य और जिला टीमों से जमीनी इनपुट के साथ **मीडिया में व्यापक प्रचार का समन्वय किया गया है** और वीबीएसवाई कवरेज पर दैनिक मीडिया फीडबैक रिपोर्ट साझा की गई है। यात्रा को **29,000** से अधिक ग्राम **पंचायतों** और लगभग **600 शहरी स्थानीय निकायों में व्यापक मीडिया कवरेज दी गई है**, जहां लगभग **81 लाख नागरिक** यात्रा के पहले तीन हफ्तों में शामिल हुए हैं।

3. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा डिजिटल मीडिया क्षेत्र में अभियान चलाने के लिए **"डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023"** को मंजूरी दे दी है। यह नीति कई हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के बाद तैयार की गई है। नीतिगत ढांचा डिजिटल युग में व्यापक सरकारी पहुंच का मार्ग प्रशस्त करेगा और लक्षित तरीके से नागरिक केंद्रित संदेश के प्रभावी वितरण की सुविधा प्रदान करेगा, जिसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक उन्मुख अभियानों में लागत दक्षता आएगी। यह नीति सीबीसी को ओटीटी और वीडियो ऑन डिमांड स्पेस में एजेंसियों और संगठनों को सूचीबद्ध करने, डिजिटल ऑडियो प्लेटफार्मों के एम्पैनलमेंट के माध्यम से पॉडकास्ट के श्रोताओं की बढ़ती संख्या का लाभ उठाने और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपने सार्वजनिक सेवा अभियान संदेशों को प्रसारित करने में सक्षम बनाएगी।

4. **फिल्म पायरेसी पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख कार्रवाई**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने फिल्म पायरेसी के खिलाफ शिकायतें प्राप्त करने और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पायरेटेड सामग्री को हटाने के लिए मध्यस्थों को निर्देशित करने के लिए नोडल अधिकारियों का एक संस्थागत तंत्र स्थापित किया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के मुंबई स्थित मुख्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारियों को नोडल अधिकारियों के रूप में नामित किया गया है। चलचित्र (संशोधन) अधिनियम, 1952 में नई अंतर्विष्ट धारा 7(1बी)(ii) इन अधिकारियों को पायरेटेड फिल्मी सामग्री वाली किसी भी वेबसाइट/ऐप/लिंक को ब्लॉक/हटाने के लिए मध्यस्थों को निर्देशित करने के लिए अधिकृत करती है।

5. भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) ने 16 नवंबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में **'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया'** विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित करके **राष्ट्रीय**

**प्रेस दिवस 2023** मनाया। समारोह का उद्घाटन भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने किया। माननीय सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर और माननीय सूचना और प्रसारण एवं मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन, सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। जी20 शेरपा श्री अमिताभ कांत ने मुख्य भाषण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्रीमती न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई, अध्यक्ष, भारतीय प्रेस परिषद ने की। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, भारत के माननीय उप राष्ट्रपति ने स्मारिका 2023 का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिष्ठित पत्रकारों, पत्रकारिता के छात्रों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। एनएसडी: आकाशवाणी ने 16-11-2023 को प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ए. सूर्य प्रकाश के साथ **'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' पर एक चर्चा कार्यक्रम प्रसारित किया।**

6. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 10.11.2023 को **प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 का मसौदा प्रस्तावित किया है** और व्यापक स्तर पर हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। मसौदा विधेयक देश में प्रसारण सेवाओं को विनियमित करने के लिए एक समेकित ढांचे का प्रावधान करता है और मौजूदा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 और वर्तमान में देश में प्रसारण क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले अन्य नीति दिशानिर्देशों को बदलने का प्रयास करता है। यह विधेयक विनियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करता है, ओवर-द- टॉप (ओटीटी) सामग्री और डिजिटल समाचारों को कवर करने के लिए इसके दायरे का विस्तार करता है, और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए समसामयिक परिभाषाओं और प्रावधानों को पेश करता है। यह स्व-विनियमन के लिए सामग्री मूल्यांकन समितियों और एक प्रसारण सलाहकार परिषद, विभिन्न प्रसारण नेटवर्क ऑपरेटरों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम और विज्ञापन कोड, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पहुंच उपाय और वैधानिक दंड आदि की व्यवस्था करना चाहता है।

7. राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम - राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय (एनएफडीसी-एनएफएआई) विश्व की सबसे बड़ी फिल्म बहाली परियोजना, **राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन (एनएफएचएम) के तहत फिल्म बहाली पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है**, जिसका लक्ष्य खराब होने वाली फिल्मों को उनका मूल गौरव लौटाना है। 'बरसात की रात', 'सीआईडी' (1956), 'गाइड' (1965), 'ज्वेल थीफ' (1967), 'जॉनी मेरा नाम" (1970), "बीस साल बाद" (1962), 'आघात' (1985), और कई अन्य फिल्मों को उनके नाटकीय रिलीज के दशकों बाद 4K रिज़ॉल्यूशन में सिल्वर स्क्रीन पर वापस लाया गया है। महान भारतीय अभिनेताओं, निर्देशकों और विभिन्न दिग्गज भारतीय फिल्म निर्माताओं के परिवार के सदस्यों ने एनएफएचएम के माध्यम से भारत की सिनेमाई विरासत को संरक्षित करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की है।

8. **भारत की G20 अध्यक्षता अवधि** के समापन दिवस पर, पीआईबी द्वारा सभी प्रमुख राष्ट्रीय और राज्य भाषा समाचार पत्रों में **"उज्ज्वल कल की ओर: भारत की जी20 प्रेसीडेंसी और एक**

**नए बहुपक्षवाद की सुबह" शीर्षक के विशेष लेख** को माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की बायलाइन के साथ पूरे भारत में व्यापक रूप से प्रकाशित किया गया था। इस विशेष लेख ने देश भर से 350 से अधिक क्लिपिंग तैयार कीं ।

9. **उत्तरकाशी में सिल्कयारा सुरंग ढहने वाली जगह पर बचाव अभियान**

9.1 सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 21.11.2023 को सिल्क्यारा, उत्तराखंड में बचाव कार्यों को कवर करने वाले सभी निजी सैटेलाइट टेलीविजन चैनलों को एक **एडवाइजरी जारी की**, जिसमें इस मुद्दे को सनसनीखेज बनाने से बचने और यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा मानव जीवन बचाने की गतिविधि किसी भी तरह से ऑपरेशन स्थल के पास या उसके आसपास कैमरामैन, रिपोर्टरों या उपकरण की उपस्थिति से बाधित या प्रभावित न हो।

9.2 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने 12 नवंबर से 28 नवंबर तक राष्ट्रीय मीडिया सेंटर, नई दिल्ली में उत्तरकाशी सुरंग बचाव अभियान पर **नियमित प्रेस वार्ता** आयोजित की और मीडिया को विवरण के साथ **प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की गईं। सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और सदस्य, एनडीएमए द्वारा **व्यक्तिगत वीडियो बाइट्स** भी दिए गए।

9.3 डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने दिनांक 29.11.2023 को सिल्कयारा सुरंग में राहत अभियान की सफलता और ऐसी स्थितियों से निपटने की तैयारी पर लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, सदस्य एनडीएमए और प्रोफेसर सूर्य प्रकाश, एनआईडीएम के साथ एक **विशेष कार्यक्रम/ चर्चा** का प्रसारण किया।

10. मंत्रालय ने **प्रधान मंत्री की मन की बात पुस्तिका का अक्टूबर 2023 संस्करण प्रकाशित किया जिसमें** कवर स्टोरी के रूप में **'मेरा युवा भारत'** शामिल है। ई-संस्करण को ई- संपर्क के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, PM India और मंत्रालय की मीडिया यूनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों, भारत सरकार के सचिवों और अधिकारियों, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

11. एक नया कार्यक्रम **'नई सोच नई कहानी - स्मृति ईरानी के साथ एक रेडियो यात्रा'** 15 नवंबर, 2023 से आकाशवाणी द्वारा शुरू किया गया है। माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, सुश्री स्मृति जुबिन ईरानी इस शो की मेजबानी कर रही हैं, जिसमें सरकार की पहल की सहायता से महिलाओं के सशक्तिकरण की अविश्वसनीय कहानियां पेश की गई हैं।

12. **विशेष कवरेज:**

12.1 **चुनावों की कवरेज**: तेलंगाना चुनाव पर **डीडी डायलॉग (इलेक्शन कॉन्क्लेव)** “तेलंगाना की चुनावी बिसात” शीर्षक से आयोजित किया गया। डीडी न्यूज ने राजस्थान से जुड़ी जमीनी

कहानियों को कवर करने के लिए एक **विशेष कार्यक्रम 'चुनाव रथ' के विभिन्न एपिसोड प्रसारित किए।** एक अन्य विशेष कार्यक्रम **'जनादेश'** ने राज्यों में विधानसभा चुनावों के सभी अपडेट को कवर किया है।

12.2 प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने **सभी प्रमुख कार्यक्रमों को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान** किया, जिसमें भारत के माननीय राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति और माननीय प्रधान मंत्री ने भाग लिया, जैसे एशियाई पैरा गेम्स 2022, विश्व खाद्य भारत 2023, हिमाचल प्रदेश में सुरक्षा बलों के साथ दिवाली समारोह, जन जातीय गौरव दिवस 2023, वर्चुअल जी-20 शिखर सम्मेलन, 'ड्रोन दीदी' कार्यक्रम, मन की बात का 107वां संस्करण आदि।

**13. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण द्वारा की गई पहलें -**

- **2021 की 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता फिल्मों की** 12 दिवसीय **सार्वजनिक स्क्रीनिंग** 14 से 25 नवंबर, 2023 तक सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम II, दिल्ली में आयोजित की गई थी। सार्वजनिक स्क्रीनिंग ने दर्शकों को भारतीय कहानी कहने और सिनेमाई उत्कृष्टता की समृद्ध टेपेस्ट्री का आनंद लेने का एक अनूठा मौका प्रदान किया।

- राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने कौशल और प्रतिभा विकास पाठ्यक्रमों में अंतर्दृष्टि प्रदर्शित करने के लिए 3 से 5 नवंबर, 2023 तक पीतमपुरा, नई दिल्ली में 9**वीं वाइब्रेंट इंडिया प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया।** एनएफडीसी ने कौशल और प्रतिभा क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदाताओं, मास्टर प्रशिक्षकों, मूल्यांकनकर्ताओं या अन्य सुविधाप्रदाताओं के रूप में योगदान करने में रुचि रखने वाले संभावित भागीदारों से आवेदन मांगते हुए सहयोग के लिए निमंत्रण भी दिया।

- **डिजिटल मीडिया** :
  - मंत्रालय ने आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत कवर की गई सामग्री को प्रसारित करने के लिए आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत 10 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।
  - मंत्रालय ने अश्लील/अशिष्ट सामग्री दिखाने वाले कुछ ओटीटी प्लेटफार्मों के खिलाफ कार्रवाई की है।
  - मंत्रालय ने I4C को 48 ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफार्मों के बारे में सूचना दी ताकि उनकी वेबसाइटों, ऐप्स और सोशल मीडिया खातों को ब्लॉक करने के लिए आगे की कार्रवाई की जा सके।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** माह के दौरान **चार (04) नए सीआरएस चालू** किए गए। माह के दौरान **छह (06) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए)** और **छह (06) नवीनीकृत जीओपीए पर** हस्ताक्षर किए गए।

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **5566 से अधिक प्रेस विज्ञप्तियां जारी की हैं।** पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने **13**

**फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया** और 22 ट्वीट किए। अनुसंधान इकाई ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए एक्सप्लेनर्स जारी किए।

- सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने **देश भर में सोशल मीडिया के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (एसवीईईपी), वोकल फॉर लोकल, संविधान दिवस** आदि **जैसे विभिन्न विषयों पर आईसीओपी, फील्ड कार्यक्रम और जागरूकता का आयोजन किया जो** निम्नानुसार हैं:

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 18230 (95125) | 4757 | 1979 | 9295 |

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **417 अद्वितीय ग्राफिक्स/ वीडियो/ इमेज/ पोस्ट/ ट्वीट** आदि साझा करके विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा और अन्य प्रमुख अभियानों को** जनजातीय गौरव दिवस, भारत का 54वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, एशियन पैरा गेम्स 2022, वोकल फॉर लोकल, भारत के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, कैबिनेट राउंड-अप, एमआईबी पॉडकास्ट, एमआईबीपॉजिटिव, वीकनामा आदि जैसे प्रमुख अभियानों के लिए इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो वीडियो सामग्री के माध्यम से उजागर किया गया।

(विक्रम सहाय)
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष: 23073775**